संख्या:-115/2021/302आ0/23-5-21-01(भवन)/2020

प्रेषक,

महेश कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता(परि0/नियो0),
लो0नि0वि0, लखनऊ उ0प्र0।

लोक निर्माण अनुभाग:-5 **लखनऊ: दिनांक 08 अक्टूबर, 2021**

विषय: चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-55 राजस्व लेखा के विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़, बस्ती, लखनऊ, अमेठी, मुरादाबाद व रामपुर के कुल 08 कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ के निम्नांकित तालिका के स्तम्भ-2 में उल्लिखित पत्रों के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-55 राजस्वलेखा के विशेष मरम्मत मद के अन्तर्गत जनपद अलीगढ़, बस्ती, लखनऊ, अमेठी, मुरादाबाद व रामपुर के कुल 08 कार्यों हेतु प्राप्त कुल आगणन लागत रू0 186.30 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए उक्त के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि **रू0 186.30 लाख (रू0 एक करोड़ छियासी लाख तीस हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निर्गत किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र0 सं0	मुख्य अभियन्ता(भवन), लो0नि0वि0 का पत्रांक व दिनांक	जनपद	कार्य का नाम		आगणन लागत	निर्गत की जाने वाली धनराशि
1	2	3	4		5	6
					(धनराशि लाख रू0 में)	
1	315बीजीबी/112बीजीबी/अलीगढ़/कार्यालयमु0अभि0/अना0/2021-22, दिनांक 21.09.2021	अलीगढ़	अलीगढ़ में कार्यालय मुख्य अभियन्ता की साज-सजा एवं सुधार कार्य।		11.49	11.49
2	340बीजीबी/112बीजीबी/बस्ती/कार्यालयभवन/अना0/2021-22, दिनांक 21.09.2021	बस्ती	बस्ती में अधीक्षण अभियन्ता, बस्ती वृत्त के कार्यालय भवन के विशेष मरम्मत कार्य।		23.28	23.28
3	256बीजीबी/112बीजीबी/अधी0अभि0, 39वां वृत्त/प्र0अ0कार्या/लखनऊ/अना0-1/2021-22, दि0 24.09.2021	लखनऊ	कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, लखनऊ स्थित मानचित्रकारों के हॉल उ-114 में विविध सिविल एवं एल्युमिनियम पार्टीशन का कार्य।	सिविल कार्य	05.75	05.75
				विद्युत कार्य	06.61	06.61
4	302बीजीबी/112बीजीबी/39वां वृत्त/अना0-3/2021-22,दि0 24.09.2021	लखनऊ	प्रमुख अभियन्ता कार्यालय, लो0नि0वि0, लखनऊ स्थित अधिष्ठान 'घ' वर्ग के कार्यालय कक्ष में विविध सिविल कार्य।	सिविल कार्य	13.93	13.93
				विद्युत कार्य	06.41	06.41
5	299बीजीबी/112बीजीबी/39वां वृत्त/अना0-1/2021-22, दि0 24.09.2021	लखनऊ	प्रमुख अभियन्ता कार्यालय में विभिन्न तलों पर स्थित पुरूष, महिला एवं जनरल शौचालय का नवीनीकरण का कार्य।		28.56	28.56
6	316बीजीबी/112बीजीबी/अयोध्या/नि0भ0/अना0/2021-22, दिनांक 24.09.2021	अमेठी	अमेठी में स्थित निरीक्षण भवन परसावां में पुराने भवन के रिनोवेशन का कार्य।		14.60	14.60
7	1093बीजीबी/112बीजीबी/(वि0/यॉ0)/मुरादाबाद/सर्किट हाउस/अना0/20-21, दिनांक 09.03.2021	मुरादाबाद	सर्किट हाउस मुरादाबाद में स्ट्रीट लाईट लगाये जाने का कार्य।		17.75	17.75
8	1170बीजीबी/112बीजीबी/(वि0/यॉ0)/रामपुर/सर्किट हाउस/अना0/20-21 दिनांक 22.03.2021	रामपुर	रामपुर में स्थित सर्किट हाउस के भूतल हेतु विद्युत उपकरणों की स्थापना का कार्य।		57.92	57.92
			कुल योग :-		**186.30**	**186.30**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- प्रश्नगत कार्यों हेतु लो0नि0वि0 चयनित कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य करेगी।

2- प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ किये जाने से पूर्व वित्तीय नियम संग्रह भाग-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

3- लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टियों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जायेगा।

4- प्रायोजना में मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था के सक्षम अधिकारी/सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का होगा।

5- प्रायोजना का निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जाय, जिससे कास्ट रन ओवर/टाइम रन ओवर की स्थिति उत्पन्न न हो।

6- स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक, डाकघर, डिपाजिट खाते अथवा पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी।

7- स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

8- प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा।

9- यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा अन्य किसी स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।

10- उक्त धनराशि का व्यय/उपकरणों आदि का क्रय स्टोर परचेज रूल्स एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के सुसंगत नियमों व समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

11- प्रस्तावानुसार स्वीकृत कार्य हेतु आंकलित लागत में सम्मिलित लेबर सेस तथा जी0एस0टी0 आदि की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षकों में जमा की जायेगी।

12- वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22.03.2021 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान सं0-55 के राजस्व लेखा मद के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2059-लोक निर्माण कार्य-80-सामान्य-053-रख-रखाव तथा मरम्मत-06-सर्किट हाउस, निरीक्षण भवन एवं कार्यालय भवनों का अनुरक्षण-सामान्य एवं विशेष मरम्मत-00-29-अनुरक्षण के नामे डाला जायेगा।

3- उक्त स्वीकृति वित्त(आय-व्ययक) अनु0-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 में प्रतिनिहित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है।

भवदीय,
महेश कुमार
विशेष सचिव।

..../03..

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या:-115/2021/302आ0(1)/23-5-2021-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार(लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार(लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
3- जिलाधिकारी अलीगढ़, बस्ती, लखनऊ, अमेठी, मुरादाबाद व रामपुर।
4- विशेष कार्याधिकारी, मा0 उपमुख्यमंत्री जी/मा0 विभागीय मंत्री जी, उ0प्र0।
5- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी(बजट), लो0नि0वि0, उ0प्र0 शासन।
6- निदेशक, कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ।
8- मुख्य अभियन्ता(भवन)/(वि0/यॉ0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
9- मुख्य अभियन्ता, अलीगढ़ क्षेत्र, बस्ती क्षेत्र, अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0।
10- अधीक्षण अभियन्ता, अलीगढ़ वृत्त, बस्ती वृत्त, 30वां वृत्त, सुल्तानपुर-अमेठी वृत्त, 47वां वि0/यॉ0 वृत्त, लो0नि0वि0।
11- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, अलीगढ़।
12- अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0, बस्ती।
13- अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड-1(सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ।
14- अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अमेठी।
15- अधिशासी अभियन्ता, वि0/यॉ0 खण्ड, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
16- वेब अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
17- वित्त(व्यय नियंत्रण) अनु0-8/लो0नि0अनु0-10/श्रम अनु0-2/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
नीरजा सक्सेना
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।